आईआईएफएल फाउंडेशन ने पढ़ाई छोड़ चुकी 25000 स्कूली लड़कियों को फिर से शिक्षा से जोड़ा

जयपुर, 30 अक्टूबर (एजेन्सी)। आईआईएफएल ग्रुप के सीएसआर अंग, आईआईएफएल फाउंडेशन ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ चुकी 25,000 लड़कियों को फिर से पढ़ाई से जोड़ा है। लड़कियों को दोबारा कक्षाओं में पहुंचाने की यह उपलब्धि संस्थान ने राजस्थान के दूरदराज के इलाकों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों के लिए सामुदायिक स्कूल या 'सखियों की बाड़ी' के माध्यम से स्थानीय समुदायों के साथ जुड़कर हासिल की है। आईआईएफएल फाउंडेशन बच्चों की अत्याधुनिक डिजिटल शिक्षा के लिए डिजिटल कक्षाएं उपलब्ध कराके व अतिरिक्त कक्षाएं बनाकर बुनियादी ढांचे में सुधार करके सरकारी स्कूलों के पुर्ननिर्माण के लिए भी काम करता है। उदयपुर जिले के कड़ेछवास में इस तरह के एक स्कूल के उद्घाटन के मौके पर उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा ने आईआईएफएल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की और राजस्थान में उनके शैक्षिक अभियानों के लिए उन्हें अपना पूरा सहयोग देने का वायदा किया।

आईआईएफएल की सीईओ, सारिका कुलकर्णी ने कहा कि हमने दक्षिणी राजस्थान में अपने प्रयास शुरु किए और अब हमारा लक्ष्य पूरे राज्य में जाकर यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की हर एक लड़की स्कूल,जाया करे। सरकार और स्थानीय समुदाय हमें पूरा सहयोग कर रहे हैं और उनके सहयोग ने ही हमारा यह अभियान सफल बनाया है। उन्होने बताया कि पिछले एक साल में हमने स्कूल न जाने वाली लड़कियों को प्रेरित किया, ऐसे स्थानों की पहचान की, व्यापक टीचर्स प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया और आसान लर्निंग के लिए सरल व रोचक प्रशिक्षण बुकलेट्स निर्मित कीं। आईआईएफएल ने स्मार्ट क्लासरूम उपकरण भी इंस्टॉल किए, जिनके द्वारा डिजिटल बोर्ड के माध्यम से रचनात्मक इंटरेक्टिव लर्निंग होती है।